दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 124 मुरादाबाद, 24 August 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### चंद्रयान-3 की सफलता के लिए विशेष गंगा आरती, 1001 दीपों से चंद्रयान-3 लिखा गया

वाराणसी में चंद्रयान-3 की सफलता के लिए पूजा पाठ का क्रम जारी हैं। चंद्रयान के लैंडिंग की पूर्व संध्या पर वाराणसी के अस्सी घाट पर जय मां गंगा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले गंगा आरती में 1001 दीपों से चंद्रयान-3 लिखा गया और विशेष गंगा आरती 5 अर्चकों द्वारा की गई। 23 अगस्त को चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के लिए नमामि गंगे संस्था की ओर से सिंधिया घाट पर मां गंगा का पूजन कर आरती उतारी गई। वेदपाठी बटुकों ने प्रार्थना की। मंगलवार को काशी में हवन-पूजन कर और दुआएं की गईं। मां गंगा की पूजा की गई। नमामि गंगे संस्था की ओर से सिंधिया घाट पर मां गंगा का पूजन कर आरती उतारी गई।

## 'मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं और भारत भी', लैंडिंग के बाद चंद्रयान ने भेजा संदेश

# भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना

## चंदा मामा दूर के नहीं, बस एक टूर के...चंद्रयान-3 की लैंडिंग पर पीएम मोदी बोले- बदल गईं कहावतें







चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) बुधवार शाम चंद्रमा की सतह पर उतर गया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की।

### बिल नेल्सन ने दी बधाई

नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने ट्वीट किया, चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो को बधाई और भारत को चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की सफलतापूर्वक सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनने पर बधाई। हमें इस मिशन में आपका भागीदार बनकर खुशी हो रही है।

### हम चंद्रयान-3 के लिए अब से अगले 14 दिनों का इंतजार कर रहे हैं: सोमनाथ

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर अपनी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, 卐समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद...हमने अपनी असफलता से बहुत कुछ सीखा और आज हम सफल हुए। हम चंद्रयान-3 के लिए अब से अगले 14 दिनों का इंतजार कर रहे हैं।

### पीएम मोदी ने इसरो चीफ सोमनाथ को किया फोन

पीएम मोदी ने इसरो चीफ सोमनाथ को फोन कर के चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप और आपकी पूरी टीम को बधाई। जल्दी ही मैं आप सब रूबरू होकर भी बधाई दूंगा। उन्होंने कहा कि आपका तो नाम ही सोमनाथ है। आपके नाम में ही सोम है। बहुत बहुत बधाई सभी को।

### वंदे मातरम के नारों और जश्न से झूम उठे लोग

चंद्रयान-3 मिशन के चंद्रमा की सतह पर उतरते ही बेंगलुरु में इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर %वंदे मातरम% के नारों और जश्न से झूम उठा।


### अरे वाह, मजा आ गया: खट्टर

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि अरे वाह, मजा आ गया! आज देखिए चंद्रमा हमारे और भी करीब आ गया है।

ये बहुत खुशी की बात है। चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर भारत की उपस्थिति को दर्शा रहा है। इस महान अवसर पर मैं इसरो और वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि उनके कौशल, साहस और प्रतिभा के कारण हमें यह उपलब्धि मिली है।

### भारत की सामर्थ्य और शक्ति का सशक्त प्रदर्शन: योगी

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग नए भारत की सामर्थ्य और शक्ति का





सशक्त प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसरो के वैज्ञानिकों ने वह कर दिखाया जो कोई नहीं कर सका। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव अब तक दुनिया के लिए असंभव था, लेकिन हमारे दूरदर्शी वैज्ञानिकों ने इसे संभव कर दिखाया है। वसुधैव कुटुम्बकम् की पवित्र भावना के साथ मैं इसरो के सभी वैज्ञानिकों को इस सफलता के लिए बधाई और देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं।

### पूर्व इसरो प्रमुख के सिवन ने दी बधाई

पूर्व इसरो प्रमुख के सिवन ने इसरो के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में उत्साहित हैं...हम लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहे थे। मैं बहुत खुश हूं।

आसमान कोई सीमा नहीं है: जितेंद्र सिंहचंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जहां दुनिया चांद के बारे में कल्पना करती है, हमने वास्तव में चांद को महसूस किया है...दुनिया चांद के सपने देखती है, और हमने सपने को हकीकत में बदलते देखा है...आसमान कोई सीमा नहीं है।

### चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग; बधाई हो, भारत!

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलतापूर्व सॉफ्ट लैंडिंग की जानकारी सोशल मीडिया पर कुछ खास अंदाज में शेयर की। इसरो ने लिखा, % भारत, मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया और तुम्हें भी ⁉ चंद्रयान-3. चंद्रयान-3 सफल रहा। चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग; बधाई हो, भारत!

### पीएम मोदी ने दी शुभकामना, बोले- हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया

पीएम मोदी ने कहा कि उत्साह उमंग आनंद और भावुकता से भरे इस अद्भुत पल के लिए मैं 140 करोड़ देशवासियों को भी कोटि-कोटि बधाई देता हूं। हमारे वैज्ञानिकों के परिश्रम और प्रतिभा से भारत चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है जहां आज तक दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच सका है। पीएम मोदी ने कहा कि चंदा मामा बस एक टूर के हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे प्यारे परिवारजनो! जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं तो गर्व होता है। ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं राष्ट्र जीवन की चेतना बन जाती हैं। यह पल अविस्मरणीय है। यह क्षण अभूतपूर्व है। यह क्षण विकसित भारत के शंखनाद का है। यह क्षण नए भारत के जयघोष का है। यह क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने का है। यह क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। यह क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत की नई ऊर्जा, नई चेतना का है। यह क्षण भारत के उदीयमान भाग्य के आह्वान का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की अमृत वर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। उन्होंने कहा, आज हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं। हर घर में उत्सव शुरू हो गया है। हृदय से मैं भी अपने देशवासियों के साथ अपने परिवारजनों के साथ इस उमंग और उल्लास से जुड़ा हुआ हूं। मैं टीम चंद्रयान को, इसरो को और देश के सभी वैज्ञानिकों को जी-जान से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जिन्होंने इस क्षण के लिए वर्षों से इतना परिश्रम किया। हमारे वैज्ञानिकों के परिश्रम से भारत उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है, जहां आज तक दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच सका है। आज के बाद से चांद से जुड़े मिथक बदल जाएंगे, कथानक भी बदल जाएंगे और नई पीढ़ी के लिए कहावतें भी बदल जाएंगी। भारत में तो हम सभी लोग धरती को मां कहते हैं और चांद को मामा बुलाते हैं। कभी कहा जाता था कि चंदा मामा बहुत दूर के हैं, अब एक दिन वो भी आएगा, जब बच्चे कहा करेंगे कि चंदा मामा बस एक टूर के हैं।

# सीएम योगी ने अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र, बोले- सरकारी सेवा में आकर बंद न करें प्रैक्टिस



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की है कि जब तक सामर्थ्य है खिलाड़ी और कोच के रूप में योगदान देते रहें। खेलकूद की गतिविधियां एक खिलाड़ी के लिए उसकी रचनात्मकता का प्रतीक होती है। खिलाड़ी अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से सकारात्मक ऊर्जा और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज में कुछ कर गुजरने की तमन्ना रखता है, लेकिन जैसे ही उसे सरकारी सेवा में आने का अवसर मिलता है वो खिलाड़ी अक्सर प्रैक्टिस बंद कर देते हैं। आप सबको उत्तर प्रदेश पुलिस टीम का हिस्सा बनकर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार रहना है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन के सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि जिस ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से आपका चयन हुआ है, आपसे भी राज्य सरकार को इसी ईमानदारी की उम्मीद है। अपनी प्रैक्टिस को निरंतर बनाए रखते हुए जब तक सामर्थ्य है उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए, राज्य सरकार के लिए खेलिए। जब आपको लगेगा कि अब इससे अलग होना है तो फिर उत्तर प्रदेश पुलिस बल में उस संबंधित खेल के कोच के रूप में युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहने के लिए कार्य करना होगा। जीवन के हर क्षेत्र में शोध के कुछ अवसर आते हैं। नवाचार और शोध पर हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए, ताकि हम अपने खिलाड़ियों को अपडेट कर सकें।

### खिलाड़ी को किसी संकीर्ण दायरे में बांधकर न रखें

सीएम योगी ने कहा कि इस नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कुशल खिलाड़ियों के साथ देश के अलग-अलग राज्यों से भी कुशल खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत का वह भाग है जिसके तहत खिलाड़ी की उन भावनाओं को सम्मान देना है जो अपने लिए नहीं, देश के लिए खेलता है। पूरे देश से वह उम्मीद भी रखता है कि पूरा देश उसके बारे में सोंचे। यह पहली बार नहीं है, याद कीजिए टोक्यो ओलंपिक या पैरालंपिक में जिन खिलाड़ियों ने देश के लिए मेडल जीते थे, वे चाहे देश में किसी भी राज्य के हों, उन सभी को हमने सम्मान दिया था और नकद राशि भी उपलब्ध कराई थी। हमारा मानना है कि खिलाड़ी देश के लिए खेलता है। उसकी मेहनत और परिश्रम का परिणाम वैश्विक मंच पर देश की शक्ति और सामर्थ्य के रूप में देखने को मिलता है तो स्वाभाविक रूप से इस समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि खिलाड़ी को किसी संकीर्ण दायरे में बांधकर न रखें। उत्तर प्रदेश पुलिस बल ने इसी विराट हृदय का परिचय दिया है और 233 खिलाड़ियों को नियुक्ति की प्रक्रिया से जोड़कर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया है।

### 6 वर्ष में पूरी पारदर्शिता से पुलिस बल में की गईं भर्तियां

सीएम योगी ने कहा कि पिछले 6 वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में भर्ती की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से बढ़ाने का कार्य हुआ है। पहले हर भर्ती पर प्रश्न उठते थे, चयन प्रक्रिया पर प्रश्न खड़े होते थे। विगत 6 वर्ष के अंदर प्रदेश में 1.54 लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। इसके अलावा 2492 मृतक आश्रितों के पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पर उनका भी समायोजन किया गया है। प्रदेश के अंदर एक लाख 29 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों को समयबद्ध तरीके से प्रोन्नति देने का भी कार्य हुआ है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 62, 400 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है। पुलिस बल में खिलाड़ियों की जो कमी थी, उसे भी दूर किया जा रहा है। इससे पहले 8 जुलाई को भी हमने 227 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे। उसमें भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे। आज जो नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, उसमें 154 पुरुष और 79 महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बन रही हैं।

### उत्तर प्रदेश पुलिस ने बदला है प्रदेश के प्रति लोगों का परसेप्शन

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की पुलिस ने आज देश में उत्तर प्रदेश के परसेप्शन को बदलने का काम किया है। आज देश में कहीं भी कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी होती है तो लोग कहते हैं कि उत्तर प्रदेश की पुलिस को बुला लीजिए। आम लोगों के मन में एक विश्वास पैदा हुआ है। हर तबके के मन में सुरक्षा का वातावरण बना है। पर्व और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं। सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो रहे हैं। प्रदेश के अंदर बड़े से बड़ा निवेश भी आ रहा है। आपने हाल ही में रिजर्व बैंक की रिपोर्ट देखी होगी। देश के अंदर सबसे अधिक निवेश करवाने वाले राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। आज उत्तर प्रदेश सबसे अधिक टूरिस्ट्स को आकर्षित कर रहा है। 31 करोड़ टूरिस्ट्स एक वर्ष में उत्तर प्रदेश में आए हैं। ये सब दिखाता है कि बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल ने ये बदलाव लाने में सफलता प्राप्त की है तो इससे राज्य सरकार, नौजवानों की छवि भी बदली है। आप जैसे खिलाड़ी भी जब प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनेंगे और यूपी पुलिस के लिए पदक झटकेंगे तो यह उत्तर प्रदेश की छवि को और निखार लाने में मददगार होगी। युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलकूद के अनेक कार्यक्रम घोषित किए जा रहे हैं। हर गांव में खेल का मैदान हो, ओपन जिम का निर्माण हो।

## संपादकीय Editorial

# The day of becoming 'moon of the eye'

Today is that historic day when India can become the 'moon of the eyes' of the world. The 'Vikram Lander' of 'Chandrayaan-3' will land on the surface of the Moon's south pole on the evening of 23 August. Our scientists have prepared this historic mission after extensive research and countless efforts, so we are very hopeful and positive that 'Vikram Lander' will be able to make a soft landing on the lunar surface and then 'Pragyan Rover' will come out and roam on the moon. Will be able to This feeling seems so unimaginable! Actually, it is a symbol of the basic success of the mission that the orbiter of 'Chandrayaan-2' and 'Vikram Lander', which have been circling in the moon's orbit for the last 4 years, have met and the old partner welcomed the 'new friend' and started the mission. Best wishes for success. That means the presence of our old mission on the moon is still there, of course 'Chandrayaan-2' failed in September, 2019. Our space scientists must have learned many lessons since then! Interestingly, now the lander will find itself a suitable and safe place on the moon. Will make sure that there are no big, high, sharp rocks on the surface below, no extremely deep potholes and no dangerous slopes! This will be the most critical phase of the journey to the South Pole with onboard systems controlling the lander speed during the last 19 minutes of landing. This time the four legs of the lander have been made so strong that even if the speed is 3 meters per second while landing, the landing can be safe. During landing, no instructions can be given to the lander from the command center of ISRO. It is the culmination of scientific research and technology development that a mission so far from Earth is autonomously attempting to land on the moon and being operated by a command system, sensors and other equipment. ISRO Chairman Dr. S. According to Somnath, the lander will land only after estimating a safe place with the help of sensors and cameras. If all sensors fail or every system fails, the lander can still land on the lunar surface, provided the propulsion system continues to function properly. 'Chandrayaan-3' has been designed in this way. Even if two engines stop working, the lander can still land on the lunar surface. 'Chandrayaan-3' has also been designed in such a way that even if the mission fails at many levels, it will still be able to achieve its goal. This belief of ISRO Chairman is able to encourage the people of India. This mission of going to the moon and doing continuous research and collecting information-pictures etc. is not limited to this. Scientists and engineers are also busy working on 'Chandrayaan-4' and 'Chandrayaan-5'. Sending a robot to the moon is also under consideration. Our mission 'Aditya' will also go to explore the world of the Sun. We never imagined like this. Whatever stories and poems were written, Sun and Moon have been considered as 'God'. 'Chanda Mama' seems to be a very loving and affectionate address, but today human scientists are busy in probing the possibilities of human life in the courtyard of those 'gods'. Solar cells have also been installed around 'Vikram Lander', so that if it lands in the wrong place or direction, the solar panels will continue to receive the sun's rays and generate energy. In this way, scientists have also made a source of energy. However, ISRO's telemetry, tracking and command network is in contact with 'Chandrayaan-3'. All the scientists are calmly watching their space mission. Citizens of India will also be able to watch the live telecast of the landing on TV. Now mythological or legends are appearing before us in concrete form, so enjoy this situation also and give thanks to science.

# Now share the happiness...

Now the holidays are over, now all of you together share the happiness of your life. Wow! Brother, when we were young, we used to welcome the holidays a lot.Now the holidays are over, now all of you together share the happiness of your life. Wow! Brother, when we were young, we used to welcome the holidays a lot. Even when there were summer holidays, we were not happy. Even if the teacher did not come one day, there was so much happiness. But the condition of senior citizens Kesari Club is strange. When there are holidays, everyone gets very nervous and everyone starts getting calls, messages, please don't take holidays... with great difficulty we have to explain to everyone that it is so hot, if you fall ill, then somehow you would have taken holidays. Are. Now I have started online programs for him which keeps him very busy. Not only this, senior citizens have become such a group among the members of Kesari Club that they meet, walk, picnic, because those who are left alone in this age need support or those who live somewhere They cannot come and go alone, they need support or companionship. So all the branches have also formed their own groups. Everyone is connected with each other with WhatsApp, Facebook. Now all the branches have opened, so everyone should share happiness among themselves, mingle, participate in the activities of their branch. You all know that we are entering the 20th year after completing 19 years of Senior Citizen Kesari Club. Each branch has its own year. Some are entering the 17th year, some are entering the 10th, 15th, 13th, 12th year, so this year the annual function should be celebrated with great pomp in the branch, because a proper place is not yet available for this function. That's why everyone has to celebrate the annual function in their respective branch. With all of you that I have experienced for 19 years, I will share some sour-sweet with all of you on the Facebook page of your Senior Citizen Kesari Club, which is a fictional story or experience, true stories of people, which have been a guide for many. Will do Will inspire many, will show many the path of their life. If your life experience or any such true thing. If you want to share in the society then send it to me. I will share that true incident without naming anyone. If it is pleasant, I will ask everyone to bring it into their lives. If it is sad, then I will ask you all to learn something from it and if there is such a problem, then I will ask you all to find a solution for it. There are some such sentences which will make everyone laugh, there are some which will make everyone cry. Everyone should write their own comments, suggestions and good things full of praise so that we all enter the 20th year after cutting the journey of the 19th year well.

# China's 'intention' and India

India's relations with China have been going through a difficult phase for the last three years because of China's flawed intentions. It is the flawed intention of China due to which it keeps encroaching on the Indian borders. In June 2020, 20 Indian soldiers were martyred in the skirmish and struggle by the Chinese soldiers with the Indian soldiers stationed in the Galvan Valley of Ladakh and since then the Chinese forces had entered the Indian border area. By the way, it has been said time and again on behalf of China to normalize mutual relations, but there is a difference in its statement. Even in India's internal politics, there has been constant heat for the past few years regarding China's attitude and the opposition parties continue to criticize the government, but it is certain that since June 2020, there has been a tense atmosphere on the India-China borders, which Till now, 19 rounds of talks have been held at the commander level of both the armies to overcome this, but the result has not come out as expected by India. Amidst such an environment, the possibilities of face-to-face talks between Prime Minister Narendra Modi and Chinese President Xi-Jin-Ping in Johannesburg city of South Africa have strengthened due to the 'BRICS' conference. Shri Modi left for South Africa on 22nd August. He will participate in the BRICS (Brazil, Russia, India, China and South Africa) conference for three days. The President of China is also coming to participate in it while the President of Russia will attend it only through video conference. This will be the first time in the last three years that Mr. Modi and Xi-Jin-Ping can have a proper one-on-one conversation and constructive discussion can take place about the mutual relations between the two countries. India's defense and diplomatic experts have been warning since the beginning that China wants to change the border control line passing through Ladakh, due to which it seems determined to change the borders from Ladakh to Arunachal Pradesh. There is a belief in India about China that after June 2020, it will occupy at least two thousand square kilometers of India. The land is encroached upon. In the installments of commander level talks with him, he agrees to provide security to Indian soldiers by deploying them at old posts and pretends to retreat but also continues to do military construction work in the Indian territory. The whole of India is well aware of this false vision of China because in 1962, without any reason, it treacherously attacked India by stabbing it in the back and its forces came up to 'Tezpur' in the state of Assam. Later P. Looking at the international image of Nehru, most of the countries of the world insulted China so much that it was forced to withdraw its forces, but at that time China occupied the entire Aksai Chin area of India. Since then this area has been under its control, but in 1963, Pakistan did another vicious act and annexed five thousand square kilometers of Karakoram Valley of Pakistan Occupied Kashmir. Gave the area to it as a gift and made a new border agreement with China. Not only this, when the Vajpayee government of the BJP-led NDA accepted Tibet as a part of China in 2003, China started asserting its authority over Arunachal Pradesh along with considering Sikkim as a part of the Indian Union. Therefore, we always need to be alert towards the expansionist policy of China. It is such a communist country which has now become convinced of capitalist expansionism as well and it wants to establish a new imperialist system in the less developed and poor countries of the world due to this policy. But India's situation is no longer the same as it was in 1962 and it had come to such a situation only in 2006 when the then Foreign Minister of India Bharat Ratna Late. Pranab Mukherjee had laid the strong foundation stone of the BRICS organization parallel to the meeting of the General Assembly of Nations. Of course, China was also involved in this, but on the pretext of this organization, Pranav da wanted to break the hegemony of America and Western European countries in the whole world after the Second World War, due to which these countries have accumulated their supremacy over most of the world's financial sources and income sources. was kept. Later establishment of BRICS Bank is also proof of this. Now 23 more countries of the world want to join this BRICS organization and this is also the main agenda of the Johannesburg BRICS conference this time. But India directly refers to China, which has been operating in the Ladakh region of India since June 2020 and is making progress every year in exporting its goods to India. The business of Chinese companies

## BRICS at a turning point, it is necessary to make a new strategy from India's point of view

China's intention behind the expansion is to mold BRICS as a geopolitical organization against the West, whereas basically it has been a platform for economic cooperation. Since Russia is also troubled by the attitude of western countries at this time, it is possible that it may not have any objection on this, but Brazil, India and South Africa would not like to be a part of such a game. At present, the international structure is undergoing a massive change. In this episode, the eyes of the whole world are on the BRICS summit being held in South Africa. India is also a member of BRICS. India's importance in global affairs has further increased with the responsibility of the presidency of Shanghai Cooperation Organization (SCO) and G-20. That's why the world will also watch very closely the leadership of Prime Minister Narendra Modi during the BRICS meeting. In the report of a global financial institution, 'BRIC' was conceptualized by including Brazil, Russia, India and China. This concept quickly developed into a major platform for international activism and is now demanding its expansion. The concept behind BRIC was to group countries that account for 40 percent of the world's population and one-third of the economy. The idea struck a chord with the policy makers of these countries and in 2009, BRIC formally came into existence with Brazil, Russia, India and China. BRIC finally became BRICS in 2011 with the addition of South Africa. The purpose behind this solidarity was that if their voice is not heard in proportion to the contribution of these countries in the global economy, then that voice should be raised. Their aim was that by coming together they would provide balance to the global economic system by challenging the hegemony of the financial system led and dominated by the West. If we look at the journey of BRICS so far, it will be felt that after running right for some distance, its train got derailed. Contradictions were often seen in its member countries. This is especially true in the context of India and China. For this reason also, questions keep arising on the usefulness and importance of this organization. From India's point of view, one of the reasons for its association with BRICS was that it wanted to associate with like-minded countries, which could make it responsible and accountable in an internal forum in the face of China's increasing clout and adventurism. India hoped that allies like South Africa, Brazil and Russia would make BRICS useful for it by putting pressure on China, but this hope was dashed in the changing times and circumstances. Once upon a time, a powerful country like Russia had a very clear and close cooperation policy towards India, but after the Ukraine war, the equations started changing. Now the inclination of Russia is moving towards China. In such a situation, it has become necessary to formulate a new strategy regarding BRICS from India's point of view. The circumstances under which the BRICS conference is being held in South Africa, it is natural that the whole world is eyeing it. This is the first event where Russia's widespread activism will be seen after the extent of Russia being isolated internationally after the Ukraine war. Due to some international laws and notices, host South Africa and Russia have agreed that President Vladimir Putin will not attend and Foreign Minister Sergei Lavrov will represent Russia. During this, this organization will discuss many issues. One issue is the currency strategy against the dollar. It is certain that India will not be a part of any dollar strategy that will further increase Chinese dominance in global economic affairs. An even bigger issue would be the expansion of BRICS. This time many other countries are going to attend the meeting. Some are even applying for membership. China wants to permanently add some of those countries. In fact, China's intention behind the expansion is to mold BRICS as a geopolitical organization against the West, whereas basically it has been a platform for economic cooperation. Since Russia is also troubled by the attitude of western countries at this time, it is possible that it may not have any objection, but Brazil, India and South Africa would not like to be a part of such a game.

# 25 दिन से डॉक्टर बनकर सोसाइटी में डेरा डाले हुए थे शूटर, एक-डेढ़ साल से लिख रहे थे अनुज की हत्या की पटकथा

## तीनों शूटर भेजे गए जेल, 30 लाख की सुपारी लेकर की थी अनुज की हत्या

मुरादाबाद- भाजपा नेता अनुज चौधरी की हत्या की लंबी साजिश रची गई थी। इसके लिए साजिशकर्ता एक-डेढ़ साल से सक्रिय थे। शूटर पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी में 25 दिन पहले से डेरा डाले थे। ये तीनों (सूर्यकांत शर्मा उर्फ शानू, सुशील शर्मा उर्फ गोलू व आकाश कश्यप उर्फ कटवा) सफेद गाउन पहनकर कॉलोनी में घूमते थे और वहां निवासियों की नजर में अपने को डॉक्टर वाली पहचान बना रखे थे। जिस टॉवर वाले फ्लैट में अनुज चौधरी रहते थे उसी में ये तीनों भी रह रहे थे। तीनों शातिर अनुज की हत्या करने का हर दिन हर क्षण मौका ही तलाश रहे थे। सूत्रों का दावा है कि शूटरों का हत्या की पटकथा लिखने वालों ने ही सोसाइटी में रहने का ठिकाना बनवाया था। बताया ये भी जा रहा है कि प्रथम बार ब्लाक प्रमुख संतोष देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आने पर ही प्रभाकर चौधरी ने अनुज को निपटाने की ठान ली थी। इसमें उसने शातिर दिमाग का प्रयोग कर मोहित चौधरी को भी जोड़ लिया और नीरज पाल, अमित चौधरी, पुष्पेंद्र उर्फ भूरा और अनिकेत ने मिलकर अनुज की हत्या की पूरी पटकथा तैयार कर ली थी। इस पटकथा को अंतिम रूप देने से पहले बरेली जेल में मोहित चौधरी से भी राय-मिशवरा हुआ। प्रत्येक की सहमति के बाद ही शूटर तलाशे गए और 30 लाख रुपये की सुपारी तय हुई थी। इस तरह अनुज चौधरी की हत्या की बिसात पिछले एक-डेढ़ साल से बिछाई जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि अनुज की हत्या के लिए उसके दुश्मनों ने शूटरों को 30 लाख रुपए की सुपारी दी थी। हत्या की साजिश उसके दुश्मन एक साल से रच रहे थे। इसे अंजाम देने के लिए शूटरों को उसी पार्श्वनाथ प्रतिभा अपार्टमेंट में फ्लैट किराए पर दिलाया गया था, जिसमें अनुज चौधरी रहते थे।



वारदात को अंजाम देने के 25 दिन पहले से तीनों शूटर उसी सोसाइटी के फ्लैट में रह रहे थे। तीनों डॉक्टर की सफेद गाउन पहनकर सोसाइटी में पहुंचते थे। उधर, मझोला थानाध्यक्ष विप्लव शर्मा ने बताया कि तीनों घायल शूटरों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### ब्लॉक प्रमुख चुनाव व मोहित की रंजिश ले गई अनुज की जान

ब्लॉक प्रमुख के चुनाव से संतोष देवी के पति प्रभाकर चौधरी और अनुज चौधरी के बीच अदावत चल रही थी। उससे पहले मोहित चौधरी पर हुए जानलेवा हमले में अनुज चौधरी का नाम आना, ये दोनों कारण उनकी जान के दुश्मन बन गए थे। बताया कि अनुज चौधरी दूसरी बार इसी महीने अगस्त में संतोष देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे थे। इसकी भनक लगने पर ब्लाक प्रमुख संतोष देवी के पति प्रभाकर चौधरी और उनके बेटे अनिकेत चौधरी ने अनुज के कुछ दूसरे विरोधियों के साथ मिलकर उन्हें रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। 2021 में अनुज ने संभल के असमोली ब्लॉक से प्रमुख पद का चुनाव लड़ा था। लेकिन, वह यह चुनाव संतोष देवी से हार गए थे।

### सजायाफ्ता मोहित का भाई भी वारदात में शामिल

गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में अनिकेत और नीरज पाल ने बताया था कि जिला पंचायत सदस्य के चुनाव बाद अमरोहा में नेशनल हाईवे पर रजबपुर थाना क्षेत्र में मोहित चौधरी पर अंधाधुंध फायरिंग हुई थी। इसमें मोहित को 8 गोलियां लगी थीं। हालांकि, मोहित की जान बच गई थी। इस हमले में भी अनुज चौधरी का नाम आया था लेकिन, पुलिस ने अनुज चौधरी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी।

बाद में चार्जशीट दाखिल होने पर अनुज चौधरी हाईकोर्ट से इस मामले में अग्रिम जमानत ले आया था। इस घटना के कुछ दिन बाद मोहित को छात्र नेता दीपक चौधरी की हत्या में उम्रकैद की सजा हो गई थी। मोहित बरेली जेल चला गया लेकिन, जब प्रमुख के विवाद में अनुज की हत्या की साजिश रची जाने लगी तो मोहित का भाई अमित भी इस साजिश में शामिल हो गया।

# एक अक्टूबर को दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली को जुटने का




मुरादाबाद-पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मंगलवार को ऑल टीचर्स इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा की जिला शाखा की बैठक जिला चिकित्सालय के नर्सेज मेस में हुई। इसमें एक अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में पहुंचने का आह्वान किया। जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा है। इसके लिए अटेवा कई वर्षों से आंदोलन कर रहा है। हर विभाग के कर्मचारी संगठित होकर इसके लिए आंदोलन को सफल बनाए। प्रदेश उपाध्यक्ष अटेवा चंद्रहास सिंह ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान होने वाली महारैली में सभी संगठनों के कर्मचारियों को भागीदारी करनी चाहिए।

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी अवसर है कि कर्मचारी अपनी ताकत दिखाए। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री हेमंत चौधरी ने कहा कि अगस्त में अटेवा की ओर से सांसद की घंटी बजाओ कार्यक्रम किया जा रहा है। इसमें सांसद को ज्ञापन दिया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष ने हेमंत चौधरी को जिला महामंत्री, पूनम मेसी राजकीय नर्सेज संघ और रुपेश यादव लेखपाल संघ को जिला सह संयोजक, जिला संगठन मंत्री डीपीए के निश्चल भटनागर और हृदेश कुमार बेसिक शिक्षा विभाग को बनाया। सीमा भारती राजकीय नर्सेज संघ को अटेवा का जिला मंत्री बनाया गया। आदिल हुसैन राजकीय कर विभाग को कोषाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता रितेश चौधरी बेसिक शिक्षा से बने। जिला मीडिया प्रभारी विपिन भट्ट स्वास्थ्य विभाग से बनाए गए। जिला आडिटर प्रतिमा शर्मा नर्सेज संघ को बनाया गया। इस दौरान निश्चल भटनागर आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से मौसम कूल-कूल, उमस से लोगों को मिली राहत




मुरादाबाद-मानसून सक्रिय होने के बाद इलाके में बुधवार को भी झमाझम बारिश हुई। दिनभर लगातार बारिश की वजह से तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि अगले चौबीस घंटे तक इसी तरह का अनुमान है। मुरादाबाद में मंगलवार शाम से ही बारिश का दौर शुरू हो गया था। बुधवार तड़के तेज बारिश के साथ हवा भी चलने लगी। दिन में कभी तेज बूंदाबादी तो कभी हल्की बारिश होती रही। हवा की गति भी सामान्य से अधिक रही। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में लगभग पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह वातावरण में नमी 97 फीसदी और शाम को नमी 95 फीसदी दर्ज की गई। पूरब दिशा से हवा की गति पांच से दस किलोमीटर प्रति घंटा रही। दिनभर में बारिश दस मिलीमीटर हुई। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ आरके सिंह का कहना है कि अगले चौबीस घंटे इसी तरह का मौसम रहेगा।

### ठाकुरद्वारा में भारी बारिश से आवागमन प्रभावित

ठाकुरद्वारा में भारी बारिश से नगर की सड़कों पर पानी भर गया। पानी भरने से सभी मार्गों पर आवागमन प्रभावित रहा। सोमवार को देर रात से बारिश शुरू हो गई थी। बुधवार को भी इलाके में बारिश जारी रही। भारी बारिश से नगर के सड़कों पर जलभराव हो गया। सड़कें पानी में डूब गई। नगर के बुध बाजार, कोर्ट रोड, तिकोनिया, काशीपुर चुंगी, फरीद नगर रोड, छहराया आदि क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव का कारण मुख्य नालों और नालियों से पानी की निकासी धीमी गति से होना माना गया है। नगर पालिका की दलील है कि ज्यादा बारिश होने पर पानी की निकासी की गति धीमी हो जाती है। सड़कों पर पानी भर जाने के कारण आवागमन बाधित रहा। जरूरी कामों से ही लोग घरों से बाहर निकले। वही बारिश से तापमान में गिरावट आने से कई दिन से गर्मी से परेशान लोगों को राहत भी मिली।

### कांठ में बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

कांठ में रूक रूककर हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दिलाई है। पिछले कई दिन से उसम भरी गर्मी होने से क्षेत्र के लोग परेशान थे। वीर सिंह, हरपाल सिंह, जितेंद्र सिंह आदि किसानों का कहना है कि इस समय गर्मी और धूप के कारण खेतों की नमी चली गई है।

फसलों को बारिश की आवश्यकता है। मंगलवार को हुई बारिश को भी किसानों ने फसलों के लिए लाभकारी बताया है।

# मुरादाबाद के तीन वैज्ञानिक बने हैं मिशन का खास हिस्सा, अनीश के कैमरों से दिख रही चंद्रमा की आभा

मुरादाबाद-भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मिशन चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर साफ्ट लैंडिंग करेगा। इसके लिए मुरादाबाद के तीन परिवारों के साथ शहर भर के लोगों में खासा उत्साह। इसका कारण शहर के तीन वैज्ञानिकों का इसमें विशेष योगदान देना है। पूरा देश चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग की मनोकामना कर रहा है। हर वर्ग के लोग अपने-अपने तरीके से पूजा-पाठ कर रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मिशन चंद्रयान-3 आज शाम चंद्रमा की सतह पर साफ्ट लैंडिंग करेगा। इसके लिए मुरादाबाद के तीन परिवारों के साथ शहर भर के लोगों में खासा उत्साह। इसका कारण शहर के तीन वैज्ञानिकों का इसमें अहम योगदान है। इसरो में कार्यरत



मुरादाबाद निवासी अनीश सक्सेना चंद्रयान मिशन 1 से लेकर अब तक जुड़े हैं। उनके बनाए गए हाई रिजोल्यूशन कैमरों से चांद की आभा को निहार रहे हैं। उन्होंने चंद्रयान टू में लैंडर गिरने के बारे में सटीक जानकारी टीम को उपलब्ध करवाई थी। दूसरे वैज्ञानिक मेघ भटनागर हैं। वह चंद्रयान के महत्वपूर्ण हिस्सा ऑनबोर्ड सॉफ्टवेयर के क्वालिटी कंट्रोलिंग का जिम्मा संभाल रहे हैं। तीसरे वैज्ञानिक रजत प्रताप सिंह भी रॉकेट की कंट्रोलिंग करने वाली टीम में अपना योगदान दे रहे हैं।

### सफल लैंडिंग के क्षण को देखने के उत्साहित मुरादाबादवासी

चंद्रयान-3 के चांद को छूने के ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए शहरवासी उत्साहित हैं। शैक्षिक संस्थाओं में लाइव प्रसारण को देखने की तैयारियां की गई हैं,

तो शहरवासियों ने हवन-पूजन कर मिशन के सफल होने के लिए प्रार्थनाएं शुरू कर दी हैं। हर कोई ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने को आतुर है।

विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की विशेष सभाओं के आयोजन की तैयारी की है, ताकि चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के उतरने का सीधे प्रसारण को देखा जा सके।

तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में चंद्रयान-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

# सफल लैंडिंग के क्षण को देखने के उत्साहित मुरादाबादवासी, कई जगहों पर हुए हवन-पूजन

मुरादाबाद-मुरादाबाद के लोग चंद्रयान मिशन 3 की कामयाबी के लिए लगातार दुआ कर रहे हैं। जिले के शिक्षण संस्थानों में इसे लाइव दिखाए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कई जगहों पर हवन-पूजन भी किया गया।

चंद्रयान-3 के चांद को छूने के ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए शहरवासी उत्साहित हैं। शैक्षिक संस्थाओं में लाइव प्रसारण को देखने की तैयारियां की गई हैं, तो शहरवासियों ने हवन-पूजन कर मिशन के सफल होने के लिए प्रार्थनाएं शुरू कर दी हैं। हर कोई ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने को आतुर है। विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की विशेष सभाओं के आयोजन की तैयारी की है, ताकि चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के उतरने का सीधे प्रसारण को देखा जा सके। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में चंद्रयान-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रसारण दिखाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।




कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन के साथ वीसी प्रो. रघुवीर सिंह भी साक्षी होंगे। यह जानकारी डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने दी।

### चंद्रयान की सफलता के लिए की महाआरती

शिवसेना के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए बारादरी हनुमान मंदिर में महाआरती की। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि भगवान से प्रार्थना की है कि मिशन को सफलता मिले और देश का नाम व तिरंगा पूरे विश्व में लहराए। इस दौरान कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, अरुण ठाकुर, पंकज पाल, दीपक सक्सेना, राहुल कुमार, कमल, महेंद्र पाल पूर्व पार्षद, सनी, बंटी मौजूद रहे।

### विशेष अनुष्ठान कर की प्रार्थना

चंद्रयान-3 की सफलता के लिए विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने चंद्रमा के बीज मंत्रों सहित जाप, पूजन, अनुष्ठान भक्ति-भाव से आयोजन किया। इस दौरान चंद्रमा की आरती, भोग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पवन अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, काव्या, प्रस्तुति बंसल, पुलकित बंसल, रिंकी अग्रवाल, विनीत अग्रवाल मौजूद रहे।

### यज्ञ और देशभक्ति भजन संध्या का आयोजन

आर्य समाज कांशीरानगर तथा कांशीराम नगर रामलीला कमेटी, कांशीराम नगर विकास सेवा समिति और सोनकपुर बाईपास योग केंद्र के संयुक्त प्रयास से बुधवार शाम को यज्ञ और देशभक्ति भावना से ओतप्रोत भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि ईश्वर से प्रार्थना की जाएगी कि मिशन सफल हो और पूरी दुनिया में भारत का डंका गूंजे।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जिला कोंग्रेस सोशल मीडिया के पदधिकारियों का स्वागत एवं प्रमाण पत्र वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा जिला कोंग्रेस सोशल मीडिया के पदधिकारियों का स्वागत एवं प्रमाण पत्र वितरण आज जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग एटा, जिला कार्यकारिणी घोषित कर ,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव (स्रू) फैज खान/यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव जॉनी यादव जी द्वारा सोशल मीडिया कांग्रेस के पदाधिकारियों को प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया मोहम्मद तसव्वुर कार्यक्रम संचालन कांग्रेस कार्यवाही जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी जी ने किया कांग्रेस के प्रदेश सचिव फैज खान जी ने एटा के सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जो आपकी आवाज बुलंद करता है राहुल गांधी ने हमें जो राह दिखाई वह सोशल मीडिया के माध्यम से बीजेपी की सरकार में हो रहे लोगों पर अत्याचार बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदू मुस्लिम का भ्रम फैलाया जा रहा है इसका असली चेहरा हमें सोशल मीडिया के माध्यम से सभी लोगों को बताने का काम करेंगे, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव जॉनी यादव जी ने कहा कि क्या आज एक ऐसा दौर आ गया है

कि बीजेपी सरकार में युवा बेरोजगार बेसहारा होता जा रहा है युवा इस देश की शान तरक्की का जरिया है हम सबको समझना होगा कि सन 2024 में हमारा युवा का भविष्य और विकास कांग्रेस हाथों में है।कार्यक्रम उपस्थितियों में शामिल कांग्रेसी जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी , कांग्रेसी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी ,कांग्रेस अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष वसीम सलमानी, उत्तर प्रदेश , को कोऑर्डिनेटर ह्व.ष्ट.कांग्रेस अल्पसंख्यक शहर अध्यक्ष रियाज अब्बास, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष गीतम सिंह लोधी, महिला कांग्रेस सदस्य ईनदू सम्राट,मोहम्मद रिहान, शिव पंडित, सतपाल यादव, विक्रम कुमार, कुलदीप कुमार पांडे, सुनील वर्मा, मंगल सिंह यादव, गुलशन यादव,जाहिद अब्बास आमिर मलिक, जी मुस्तफा, योगेश उर्फ योग गुरु, आबिद अली, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे


# अपंजीकृत संचालकों ने सीएमओ ऑफिस में पीड़िता को धमकाया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-सीएमओ कार्यालय में मंगलवार को शिकायत करने पहुंची पीड़ित महिला और उसके पति को अपंजीकृत क्लीनिक संचालकों ने धमकाया। अपंजीकृत संचालकों ने शिकायत करने पर मारपीट करने की धमकी दी। परेशान पीड़िता ने मेडिकल कॉलेज एटा में मौजूद एडी हेल्थ अलीगढ़ डॉ. साधना राठौर को आपबीती बताई है। सीएमओ कार्यालय में पुरानी बस्ती निवासी उर्मिला देवी पत्नी मुकेश जैन शिकायत करने के लिए पहुंची। परेशान महिला के सीएमओ कार्यालय में पहुंचने की भनक अपंजीकृत क्लीनिक-अस्पताल तीन महिलाएं जो संचालक है सीएमओ कार्यालय पहुंच गई। जहां पर पति के साथ मौजूद उर्मिला देवी को तीनों ने धमकाया। शिकायत करने पर पिटाई लगाने की धमकी तक दे डाली। उसके बाद परेशान उर्मिला देवी काफी देर तक सीएमओ कार्यालय परिसर में डर की बजह से बैठी रही। बाद में उनको पता चला की अलीगढ़ से एडी हेल्थ डॉ. साधना राठौर मेडिकल कॉलेज में मौजूद है। इस पर वह मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर एडी हेल्थ अलीगढ़ से मिली। उनको बताया कि नवंबर 2021 में नीलम, कल्पना उसका प्रसव कराने के लिए मां जीवन हास्पीटल ले गई। जहां पर ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन से उसने पुत्र को जन्म दिया। ऑपरेशन के 15 दिन बाद ही उसे इन्फेक्शन हो गया। इससे उसको परेशानी हो गई। इन्फेक्शन होने के बाद मां जीवन हास्पीटल संचालिका सहित तीनों ने शहर के ही एक पंजीकृत क्लीनिक पर भेज दिया। वहां नौ माह उपचार होने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। उसके बाद वह एक महीना पूर्व आगरा के हास्पीटल गई। वहां उसको दोबारा ऑपरेशन करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अब तक उसका दो लाख रुपये खर्च हो गया है। दोबारा ऑपरेशन करने के लिए 60 हजार खर्चा बताया गया है। उर्मिला देवी की आपबीती सुनकर एडी हेल्थ ने अपंजीकृत अस्पताल, क्लीनिक संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

# घनघोर बारिश होने के कारण शहर में चारों तरफ जल भराव

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-घनघोर बारिश होने के कारण शहर में चारों तरफ जल भराव से जूझ रहे लोग जिम्मेदार मोन मोहन आखिर देखें कौन जनता की समस्या समय से नालों की सफाई न होना सबसे बड़ी दिक्कत का सामना बरसात में होता है नलों में पूर्व अध्यक्ष के समय से ही सफाई व्यवस्था ध्वस्त थी लेकिन वर्तमान अध्यक्ष के समय में भी नालों की सफाई न होना सबसे बड़ी समस्या है सबसे बड़ी बात यह है कि नक्कर खाने में तूती की आवाज दाब के रह जाती है सत्ता का नशा कहते हैं

सर चढ़कर बोलता है शायद यही आज देखने को मिल रहा है विधायक सांसद अध्यक्ष किसी को भी शहर की जनता से शुरू कर नहीं ऐसा प्रतीत हो रहा है अगर सरकार होता तो यह समस्या आज देखने को नहीं मिलती सड़कों पर बारिश का पानी भरा हुआ है और लोग अपने बच्चों को गोद में लेकर इस गंदे पानी से निकल रहे हैं आखिर कौन देखेगा इस समस्या को जब जिम्मेदार मुंह फेर लेते हैं जल भराव की समस्या शहर में बनी हुई है इसी जलभराव की समस्या को लेकर के एक वक्तव्य पूर्व अध्यक्ष ने दिया था कि अब की बार ऐसा अध्यक्ष चुन ना शहर के चारों कोनों पर तंपाल लगा दे इसी से नाराज होकर शहर की जनता ने बीजेपी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताया तंपाल तो नहीं लगा सकते लेकिन शहर की जल भराव की समस्या से तो शहर वासियों को निजात जिला सकते थे खैर अब देखते हैं आगे क्या होता है

# पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस एटा का प्रतिनिधि मंडल



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-जिले के अलीगंज ब्लाक के ग्राम झकरई में पीड़िता के घर जिला कांग्रेस कमेटी एटा के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मंडल उनके घर जाकर पीड़ित परिवार से मिलाऔर उनके दुख दर्द में शामिल हुये। प्रतिनिधि मंडल ने कहा की 13 साल की बेटी कक्षा 7 की छात्रा का पहले दुश्कर्म कर बाद मे दुपट्टे से गला घोट कर निर्मम हत्या कर दी गयी इस घटना की कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। और प्रतिनिधि मंडल मांग करता है। पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जाये, पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाये,पीड़ित परिवार को 50 लाख की आर्थिक मदद की जाये,और पीड़ित परिवार को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिया जाये। गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष,ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष,अरविन्द सोनी पीसीसी,डाक्टर योगेश यादव, जीतेन्द्र नाथ सक्सेना नगर अध्यक्ष, प्रवेश राजपूत कार्यकारी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस एटा, मिथलेश कुमारी, राजबाला राजपूत ,सुभाष सागर एडवोकेट पूर्व सभासद,देवेंद्र प्रताप सिंह राजपूत एडवोकेट,राजबहादुर शाक्य आदि।

# अलीगढ़ की महिला ने की थी ननद की हत्या, वेब सिटी के रहवाहे में मिला था शव, भाभी समेत दो गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ- सुमन ने बताया कि उसकी ननद पिंकी का संपर्क उनके भाई नन्हे से हो गया। पिंकी के नन्हे से अवैध संबंध हो गए थे। पिंकी उस पर शादी करने का दबाव बनाने लगी और ब्लैकमेल करने लगी थी। इससे समाज में उनकी बदनामी हो रही थी। 20 अगस्त को गाजियाबाद के वेब सिटी क्षेत्र में रजवाहे में मिले पिंकी (42) के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पिंकी बुलंदशहर के चोला के भिरौडी की रहने वाली थी। उसकी हत्या उसकी भाभी सुमन ने अपने भाई नन्हे उर्फ बृजेश, जीजा राकेश यादव और राकेश के बुआ के लड़के मनोज यादव के साथ मिलकर की थी।

### शादी करने का बना रही थी दबाव

सुमन ने बताया कि उसकी ननद पिंकी उसके भाई के पीछे पड़ी हुई थी। उस पर शादी करने का दबाव बनाकर ब्लैकमेल कर रही थी। परेशान होकर उन्होंने उसे मारने की साजिश रची। पुलिस ने अलीगढ़ के पनहैरा निवासी सुमन और गौतमबुद्धनगर के सेक्टर-63 के गांव बाजिदपुर निवासी उसके जीजा राकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मनोज और नन्हे की तलाश कर रही है।

### पति से अलग रह रही थी पिंकी

डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि पिंकी कई साल से अपने पति सौरभ अग्रवाल से अलग रह रही थी। हाल में भाई के साथ गढ़ी चौखंडी में रह रही थी। उसका भाई डिंपल गुप्ता गौतमबुद्धनगर के गांव बाजिदपुर सेक्टर-63 में राकेश यादव के यहां ट्रैक्टर चलाता था। वहीं से वह राकेश की साली के संपर्क में आया और 12 साल पहले अलीगढ़ के गांव पनहैरा निवासी सुमन से प्रेम विवाह कर लिया। सुमन ने बताया कि उसकी ननद पिंकी का संपर्क उनके भाई नन्हे से हो गया। पिंकी के नन्हे से अवैध संबंध हो गए थे। पिंकी उस पर शादी करने का दबाव बनाने लगी और ब्लैकमेल करने लगी थी। इससे समाज में उनकी बदनामी हो रही थी।

# शराबी युवक ने मोहल्ले में जमकर मचाया ताण्डव,मोहल्ले-वासियों को घण्टों तक दिया अभद्र गाली

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी




